सरकार को इन मौलिक मुद्दों पर विचार करना चाहिए। यह सही है कि जब हम टैक्सेशन के बिल लाते हैं, तो शोर गुल होता है, क्योंकि भारत का जन-मानस इस बात को समझ नहीं पाता है। मैं चाहता हूं कि मन्त्री महोदय ऐसा बिल लाएं जो देश के विकास के लिए साधन जुटाने की हमारी मंशा को पूरा करे। हमारी सातवीं पंच-वर्षीय योजना बहुत महत्वाकांक्षी है। हम उसमें 118 लाख रुपये खर्च करने जा रहे हैं, जो पिछली सब पंच-वर्षीय योजनाओं की धनराशि के बराबर है। जब सरकार साधन जुटाने के लिए नये-नये स्रोतों को टैप करेगी, किसानों पर टैक्स लगायेगी, तो असंतोष होना स्वाभाविक है।

मैं भी डागा से सहमत हूं कि हमारे देश का सामाजिक स्तर गिरा है, हमने नैतिकता को खोया है, हम राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का अनुभव नहीं करते, जितना कि करना चाहिए। ऐसी स्थिति में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़े कदम उठाना अनिवार्य हो जाता है। सरकार ने स्मगलर्ज, हांर्डर्ज, ब्लैक मार्केटियर्ज और प्राफिटियर्ज के खिलाफ कड़े कानून बनाए हैं। लेकिन हमारे देश के अच्छे अच्छे वकील उनको बचाने का काम करते हैं। वे कहते हैं कि हम तो इन्टरप्रेटेशन आफ ला करते हैं। हमें इस बात पर भी विचार करना पड़ेगा कि स्मगलरों आदि के पकड़ने के लिए जो अभियान चलाये जाते हैं, राष्ट्र को उनसे क्या लाभ हुआ। इमर्जेन्सी में 1500 करोड़ रुपये पकड़े गये थे, लेकिन इस समय उतनी धनराशि नहीं आ पा रही है।

मेरा सुझाव है कि हमारे कानून में जो गड़बड़ियां हैं, उनको दुरुस्त करने के लिए एक्सपर्ट लोगों की एक कमेटी बनाई जाए, जिसमें अधिकारी और एम. पी. हों। वह कमेटी यह सुझाव दे कि किस तरह से इन कदाचारों पर काबू पाया जा सकता है।

मैं मन्त्री महोदय से एक आश्वासन चाहता हूं। एस्टेट ड्यूटी को राज्यों पर छोड़ा जा रहा है। जब तक राज्य किसानों को उनकी उपज की उचित कीमत न

(श्री राम प्यारे पनिका)

दिलाएं और इंडस्ट्री तथा एग्रीकल्चर की प्राडक्ट्स की कीमतों में संतुलन कायम न कर दें, तब तक उन्हें एग्रीकल्चरल टैक्स वगैरह लगाने की छूट न दी जाए।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का हार्दिक समर्थन करता हूं।

*DR. A. KALANIDHI (Madras Central) : Mr. Chairman, Sir, participating in the debate on the Estate Duty Amendment Bill, I would like to make a few suggestions on behalf of my party the Dravida Munnetra Kazhagam. I am grateful. to you for giving me this opportunity to do so.

At the outset I would like to ask of the hon. Minister of State for Finance whether this amendment to the Estate Duty Act is justified and whether it is necessary. This amendment bill seeks to exempt agricultural land from estate duty. This legislation is proof positive for my charge that the ruling party at the Centre is hand-in-glove with rich and big landlords in the country and the Central Government has opened its bounty through this Bill to the millienaire land- owners. Here, I am reminded of what the late-lamented sage-statesman Shri Rajaji used to humorously say—in India the Congressman's pocket is the biggest pocket in which are hiding affluent landlords and monopoly capitalists. This Bill brings home this prophetic remarks of Rajaji.

If the Government of India had been keen to bridge the gulf between profession and practice particularly in the matter of helping hapless small farmers, then it would have ensured instant assert of the President of India for the land ceiling laws of the State Governments. Even today the Tamil Nadu Government land ceiling law continus to be the victim of Central Government's procrastination. Does this not impede speedy land reforms in the country? Unfortunately, the ruling party in Tamil Nadu is in alliance with the ruling party at the Centre. The State Government cannot demand early assent of President for its land ceiling law. The Central Government is faced with the predicament of not in agreement with some provisions of this law.

Prostitution has been abolished and yet the prostitutes are hovering all over. The Jagirdars and Zamindars have been done away with the enactment of Zamindari Abolition law, yet new landlords have sprung up everywhere. All of them have identified their interets with the ruling party at the Centre. The impending Elections compel the Government of India to protect the interests of these landlords. Because of this statutory concessions are being offered to them. My leader Dr. Kalaignar Karunaidhi has been time and again stressing in all public meetings that the survival instincts of the Government of India and the big landlords are the motivating force for such concessions through statutes. It is really unfortunate that the land ceiling laws are not being enforced with the same degree of verve and vigour at the command of Central Government.

I have to point out that the big landlords and monopoly capitalists are investing all their unearned income in big farms and estates. I want to know whether they will form part of the agricultural land which is being exempted from estate duty. If that is so, then it is a premium on the black money being invested by them in such farms and estates. But when the head of a joint family dies, then the joint family becomes pouper because all the immovable assets are to be sold to pay the duty dues of the Government. The Government should rescue joint families from the rigours of duty laws.

In his Budget speech during the last session, our former Home Minister, Shri Brahmananda Reddy demanded that incometax should be abolished

* The original speech was delivered in Tamil.

because he was convinced that the incometax yield does not justify such huge expenditure and the bloating collection machinery. I belong to the opposition and yet I do not demand the abolition of incometax. But I demand the abolition of Estate duty because during the past 37 years the revenue raised through this duty is too meagre for its continuance. This loss of revenue can be compensated in many ways. In the loan melas, public money to the tune of Rs. 1000 crores is being frittered away. It does not reach down-trodden people. It reaches the Congress Party workers all right. Instead of getting this Bill passed, I demand that the Minister should bring forward a Bill for the abolition of estate duty. As this amending bill is not going to benefit the small peasants and farmers, the Government can as well do away with the Estate Duty instead of being patently partisan by abolishing only agricultural land from estate duty. With these words I conclude my speech.

**श्री गिरधारी लाल व्यास** (भीलवाड़ा): माननीय सभापति जी, यहां पर प्रस्तुत एस्टेट ड्यूटी बिल, 1984 का समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हूं।

आपसे जो बिल प्रस्तुत किया है, वह निश्चित तरीके से स्वागत योग्य है। आपको जो एस्टेट ड्यूटी मिलती है, वह करीब एक-डेढ़ करोड़ रुपये के आसपास है और इसके कलैक्शन पर भी काफी खर्चा होता है। इस हिसाब से आपने जो इसके एबोलिशन के संबंध में बात कही है, वह निश्चित तरीके से वाजिब है। एस्टेट ड्यूटी आप स्टेट गवर्नमेंट को सुपुर्द करने जा रहे हैं, लेकिन स्टेट गवर्नमेंट में इस प्रकार के लोग हैं, चाहे विरोधी दल की सरकार हो या हमारी तरफ की सरकार हो, सत्तर-अस्सी परसेन्ट एग्रीकल्चरीस्ट्स हैं उनका प्रभाव निश्चित तरीके से गवर्नमेंट पर होता है। भारत सरकार का डायरैक्टली तालुक बहुत कम पड़ता है, लेकिन स्टेट गवर्नमेंट का डायरैक्टली कन्सर्न पड़ता है और स्टेट गवर्नमेंट भेंट भी एग्रीकल्चरीस्ट्स पर ज्यादा टैक्स संभव ही नहीं है। इस वजहसे मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप एक ऐसा बिल का नमूना स्टेट गवर्नमेंट के पास भेजें, जिससे तमाम स्टेट गवर्नमेंट अपनी आमदनी को बढ़ने में कारगर हो। जैसा कि अभी सतीश अग्रवाल जी और दूसरे साथियों ने भी कहा देश के अन्दर ऐसे लोग हैं, जिनके पास बहुत बड़ी तादाद में जमीने हैं। बहुत से लोगों ने इसके संबंध में भी अग्रीमेंट दिया कि सीलिंग का कानून लागू होने के बाद भी बड़े-बड़े लोगों के पास जमीने किस तरीके से ज्यादा हैं। मैं माननीय वित्त मंत्री जो सुझाव देना चाहता हूं कि आपने सीलिंग का कानून लगाया है, आप कृपा करके स्टेट गवर्नमेंट्स को आदेश दीजिए कि उस सीलिंग के अन्दर जो लोग आए हैं, उनकी जमीनों के संबंध में या जो उन्हने छोड़ी है, या उन्होंने जो ट्रांसफर की है, उन सब को काम्प्रिहेंसिव जांच कराई जाए। जांच करने से आपको मालूम पड़ जाएगा सीलिंग के तहत जो जमीने आई हैं, वह कितने आई हैं और प्राइवूलेंट एक्ट के जरिए जो उन्होने जमीनें ट्रांसफर की हैं ऐसी कितनी जमीनें हैं। चार परसेन्ट देश के जो बड़े-बड़े लोग हैं, उनके पास 31 परसेंट जमीनें हैं, चाहे वे राजा हों या महाराजा, पंजी पति या बड़े-बड़े लैंड लोर्ड हों, यदि आप इसकी ठीक प्रकार से जांच करवा दें तो आपको पता चल जाएगा कि सीलिंग कानून ठीक प्रकार से लागू हुआ है या नहीं।

सारे देश में गरीबी दूर करने की जो आपकी नीति है लैंडलेस लेबर है

(श्री गिरधारी लाल व्यास)

अन्य प्रकार के लोग हैं जिनको जमीन देकर पांव पर खड़ा करने की कांग्रेस की नीति है, उससे भी इसका बड़ा सम्बन्ध है। जिन लोगों ने फ्राडुलेंट एक्ट किये हैं उनके बारे में सरकार को पूरी जानकारी हो जायगी, जो बेनामी ट्रांस्फर्ज हुए है उनके विरुद्ध सरकार कदम उठा सकेगी और जो ऐसी जमीन सरकार के पास आयेगी उनको गरीबों में बांटकर आप हजारों-लाखों लोगों को अपने पांव पर खड़ाकर सकेंगे। इसलिये मैं निवेदन करना चाहता हूं - इस प्रकार के जो चार परमेंट लोग हैं उनके लिये आप एक माडल बिल बनायें और उस बिल को आप तमाम स्टेट्स को भेजिये ताकि वे इस कानून पर सही तरीके से अमल कर सकें। आप इस बिल को स्टेट्स को ट्रांसफर कर रहे हैं क्योंकि इससे बहुत थोड़ा पैसा आता है, लेकिन अगर स्टेट्स सही तरीके से इस कानून को इम्प्लीमेन्ट करेंगी तो इस से उनको बहुत ज्यादा लाभ हो सकता है।

मैंने पहले भी निवेदन किया था- इस तरह के जितने कानून हैं, जैसे एस्टेट ड्यूटी, प्रापर्टी टैक्स, वेल्थ टैक्स, गिफट टेक्स आदि इन से सब मिलाकर 120 करोड़ रुपये की आमदनी होती है और इसको भी लोग गलत तरीके से, फ्राइलेंट एक्ट से बचाने की कोशिश करते हैं। मेरा यह कहना है - आज हर जगह कम्प्यूटराइजेशन की चर्चा है, आप इस सम्बन्ध में भी कम्प्यूटाइजेशन के जरिये ऐसी व्यवस्था निकालिये, जिस से पता चल सके कि बड़े-बड़े पूंजीपति किस तरीके से टैक्स को एवाएड करते हैं और उनके पास कितनी-कितनी सम्पत्ति है। अगर इस प्रकार की जानकारी प्राप्त करने की आप कोई व्यवस्था करें तो इससे भारत सरकार को बहुत लाभ होगा।

सभापति महोदय, जिस मकसद से इस कानून को लागू किया गया था उस के यह भावना थी भावना थी जिन लोगों पास पूंजी की शक्ति बढ़ रही है उस को रोका जाय। इस को रोकने के लिये ही यह कानून बना और वैल्थ टैक्स, गिफ्ट टैक्स, एस्टेट ड्यूटी टैक्स तथा अन्य प्रकार के टैक्स लगाये गये। लेकिन इतने टैक्स लगने के बाद भी जो परिणाम सामने आना चाहिये था, वह नहीं आया। हर जगह कुछ न कुछ लूपहोल्ज रह गये। अभी पिछले दिनों में एस्टीमेट्स कमेटी के साथ बम्बई गया था, वहां हमने एक्साइज ड्यूटी के बारे में जानकारी प्राप्त करने की चेष्टा की। हम ने यह जानकारी प्राप्त की कि ऐसे कितने केसेज हैं जिनमें एक्साइज ड्यूटी कम लगी हैं, मालूम हुआ कि ऐसे हजारों केसेज हैं जिनमें इस तरह से करोड़ों रुपयों का नुक्सान हुआ है। हमने यह भी मालूम किया कि जिन्होंने कम ड्यूटी लगाई है, उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई। मालूम हुआ - किसी का इन्क्रीमेंट रोक दिया गया, किसी कोशो-काज नोटिस दे दिया गया, किसी को रेप्रिमेण्ड कर दिया गया। सरकार का करोड़ों रुपये का नुक्सान हो गया, लेकिन उनको जो सजा मिली वह आपके सामने है। इस तरह के मामलों में तो कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिये थी लेकिन कोई कड़ी कार्यवाही नहीं की गई। एक तरह से ऐसे मामलों में लीपापोती कर दी गई। इस के सम्बन्ध में निश्चित तरीके से कोई न कोई ऐसी व्यवस्था

की जानी चाहिये जिस से कानून ठीक प्रकार से लागू किये जा सकें ।

भारत सरकार ने बहुत सारी कमेटियां नियुक्त की हैं, उन्हीं में एक राज कमेटी जिक्र भी आता है। उस कमेटी ने सिफारिश की थी कि एग्रीकल्चर पर इन्कम-टैक्स लगना चाहिये । ऐसे बहुत से लोग हैं जिनको जमीनों से लाखों रुपयों की आमदनी है . दूसरी तरफ ऐसे भी लोग हैं जिनके पास 5-7 या 10 बीघे जमीन है और जमीन की आमदनी से उनकी पूर्ति नहीं होती है ।

मगर ऐसे भी लोग भी हैं जिनको लाखों रुपयों की आमदनी जमीनों के जरिये से होती है। ऐसे लोगों से हम टैक्स लेने से वंचित रह जाएं और सारा लाभ उनको ही मिल जाए, यह ठीक नहीं है । न उनपर इन्कम टैक्स लगता है और एस्टेट ड्यूटी भी आपने बन्द कर दी अन्य प्रकार का कोई टैक्स वसूल नहीं होता है, तो ऐसे लोगों को छोड़ने का मकसद क्या ; हमारा मकसद तो यही है कि गरीब लोगों को टैक्स से छोड़ा जाए और बड़े लोगों से टैक्स वसूल कर के डेवलपमेंट के काम में लगाया जाए। इसलिए मेरा कहना यह है कि कायदे-कानून ऐसे बनने चाहिए जिन से बड़े लोग न छूट सकें । अभी जैसा कि सतीश अग्रवाल ने कहा था कि हमारे देश में बड़े पूंजीपतियों ने ट्रस्ट बना लिए हैं और इस तरह से वे करोड़ों रुपया टैक्स का बचा लेते हैं। पिछले साल हमारे फाइनेन्स मिनिस्टर साहब ने एक छोटा सा कदम उठाया था कि इनकी 30 पर सेन्ट आमदनी पर टैक्स लगेगा मगर 70 पर सेन्ट पर टैक्स लगाने की बात की गई थी, उसमें कितना पैसा वसूल हुआ है, इस संबंध में तो फाइनेन्स मिनिस्टर साहब ही बता सकते हैं। कानूनों में कमजोरी वजह से लूपहोल्स होने की वजह से सारा लाभ बड़े लोग उठा रहे हैं। इसलिए मेरा कहना यह है कि इसके लिए कोई माकूल व्यवस्था होनी चाहिए जिससे सारा काम ठीक से चल सके और ज्यादा से ज्यादा पैसा टैक्सों के रूप में वसूल हो सके । इस प्रकार के कानून बनाए जाएं, जिनसे पैसा ठीक प्रकार से वसूल हो सके और उनमें किसी प्रकार की कमी न रहे और जो हमारा मकसद था कि बड़े बड़े लोगों से, जोकि ज्यादा आमदनी करते हैं, ज्यादा टैक्स लिया जाए वह पूरा हो। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो कानून बनाने से कोई फायदा नहीं है ऐसे कानून की आवश्कता है, जिससे बड़े बड़े लोगों से ज्यादा पैसा टैक्स के रूप में वसूल किया जा सके और उस पैसे को ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए और गरीब लोगों उत्पादन में लगाया जा सके और हम अपनी योजनाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा पैसा वसूल कर सके और जैसा कि अभी विरोधी दल के एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि बहुत से पूंजीपति ऐसे हैं, जिन के पास इतना पैसा है और जिनकी इतनी आमदनी है कि उन को यह मालूम नहीं कि इस पैसे को किस तरह खर्च करें और दूसरी तरफ ऐसे लोग हैं, जिन को दो वक्त भी भोजन नहीं मिलता । इसलिए हम को छोटे और बड़े लोगों की आमदनी में जो फर्क है, इसको कम करना पड़ेगा और इसके लिए सरकार उन पर ऐसे टैक्स लगाएं उनसे ज्यादा पैसा वसूल हो सके । इस प्रकार की भावना से काम करने की

आवश्यकता है। हमारे फाइनेन्स मिनिस्टर साहब ने जो एस्टेट ड्यूटी छोड़ी है, उसका कोई विशेष लाभ भारत सरकार को नहीं था और स्टेट गवर्नमैंट्स के लिए वह कोई ऐसा माडल बिल बनाकर दे, जिससे बड़े बड़े भू-पतियों और लैंडलौर्ड्स से टैक्स वसूला जा सके। उस टैक्स से हम वंचित न रह सकें और स्टेट गवर्नमेंट को ज्यादा से ज्यादा पैसा मिल सके, जिसको वह गरीब लोगों के उत्थान के लिए लगा सके।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूँ।

SHRI SUDHIR GIRI (Contai): Mr. Chairman, Sir, the hon. Minister has brought forward the Estate Duty (Amendment) Bill, 1984. In this Bill, the Minister has proposed to take "agricultural land" out of the purview of estate duty. Sir, when the Estate Duty Bill was passed, the then Finance Minister stated in the objects and reasons that in order to reduce the inequality of income and wealth, the estate duty should be imposed and afterwards, "agricultural land" was taken into the purview of the Estate Duty Act by suitable amendments. But now the Government has brought forward this Bill to take the "agricultural land" out of the purview of estate duty.

But further reasons have not been elaborated therein. I, therefore, ask the hon. Minister to furnish the reasons to the House which have inspired them to bring forward this Bill.

I ask this because the imposition of estate duty was based on some principle and the principle was to reduce progressively the inequality of income and wealth. Not only this. To mop up resources for the development of the Country, this was also necessary. For the control of inflationary trend in the country, the estate duty was also considered necessary. So, I want to know what are the reasons or what factors have been created in the country which have prompted the hon. Minister to abolish the estate duty on agricultural land. I do not find any reasons for it either in the Bill or in the statement of Objects and Reasons. I, therefore, ask the hon. Minister to furnish to the House the reasons for it.

Whenever I get an opportunity, I remind the Government about the Directive Principles of State Policy enuciated in our Constitution. The founding fathers of the Constitution in those days did not think fit that the social conditions in the country would be in a position to bring about socialism. But in 1975, the Constitution was amended and the word "socialism" was included in the Preamble. It is the bounden duty of the Government to implement the Directive Principles enshrined in our Constitution. But from the time it began its rule, the Government has been conveniently forgetting these Directive Principles. I think, if socialism is to be brought about in the country, then the Directive Principles should at least be implemented to some extent. But I find that the Government is progressively going back on implementing the Directive Principles.

The hon. Member, Shri Daga, said that the country is going ahead with implementing the socialistic pattern of society. Most probably, this term was used by Nehru at the Avadh Congress session. But subsequently, the socialistic pattern of society complex has undergone some changes and the term "socialism" has been inducted in the Preamble of our Constitution.

Therefore, I urge upon the Government that it should not go back towards reviving feudalism. We should do away with feudalism, with the status of feudalism and with the station of

feudalism. This Bill, if passed and implemented, would go a long way to revive feudalism because the landlords would escape from the net of Estate duty.

I, therefore, submit to the Government through you that this Bill should not be passed as it will enhance the disparity of wealth and income in the rural areas.

I would like to make another point that those who are actually in a position to pay the estate duty have been evading payment and the machinery of the Government is there for salvation of the property but it is inefficient and corrupt. This machinery should be geared up. The malpractices indulged in to under-value the property to escape from the purview of the Etate duty should be checked.

In conclusion, I would again like to say that If estate duty is not imposed on the landlords, they will accumulate wealth and that would also create disparities in the countryside. That would not be conducive to the growth of socialistic trend in our country.

I, therefore, urge upon the Government to desist from passing this Bill.

**श्री वृद्धि चन्द जैन (बाड़मेर) :** सभापति महोदय, मैं एस्टेट ड्यूटी अमेंडमेंट बिल पर अपने विचार रखना चाहता हूं। यह बिल 1953 में बना था। उस समय एक विशाल और महान उद्देश्य को लेकर इस बिल को बनाया गया था। समाजवाद के महान उद्देश्य को लेकर बनाया गया था। हमारी कांग्रेस सरकार की यह कोशिश रही है कि इस देश में जो असमानता है उसको हम अधिक से अधिक दूर करने का प्रयास करें। इसके लिए कई कदम उठाए गए और यह कानून भी इसी दिशा में एक कदम है। आधुनिक युग में विश्व के सभी विकसित और विकासशील देशों में डायरेक्ट टैक्सेस को पसन्द किया जाता है। इन्डायरेक्ट टैक्सेस को पसन्द नहीं किया जाता क्योंकि यह कंज्यूमर्स पर लगता है और खासकर गरीब आदमी पर लगता है। इसलिए इस सिद्धांत पर ही इनकम टैक्स, वैल्थ टैक्स और इसी सिद्धांत पर एस्टेट ड्यूटी लगाई गई है। परन्तु अभी जो विधेयक लाया गया है और विशेष तौर पर केन्द्र सरकार ने यह निर्णय लिया है कि कृषि क्षेत्र का अधिकार हम राज्य सरकारों को देते हैं। राज्य सरकारें कृषि क्षेत्र में एस्टेट ड्यूटी लगाएं। मेरे ख्याल से यही आपका लक्ष्य है। परन्तु राज्य सरकारें एस्टेट ड्यूटी लगायेंगें या नहीं ? अभी राजस्थान में 50 लाख या 70 लाख रुपया मिल रहा है और एग्रीकल्चर सेक्टर के अन्तर्गत कम राशि होगी पूरी राशि जो इसके अन्तर्गत आती है। वह 21 करोड़ है और 93 लाख एग्रीकल्चर सेक्टर से आती है। इसको देखते हुए यह बहुत ही कम राशि है। राजस्थान प्रांत में इस हिसाब से बहुत ही कम राशि होगी। मैं यह नही समझ पाया कि इतना बड़ा मुल्क है और उसके अन्दर एस्टेट ड्यूटी सिर्फ 21 करोड़ लगे और इतने कम एसेसीज हों। यह जांच करने का विषय है। सरकार को इसकी जांच करनी चाहिए। यह देखना पड़ेगा कि जो असेस किया है, वह सही किया है या नहीं ? जो हमें 21 करोड़ रुपये की आय प्राप्त होगी, उससे यह देखना पड़ेगा कि कितने एडमिनिस्ट्रेटिव एक्सपेन्सीज होते हैं। मेरे ख्याल से यह आय ग्रॉसइंकम न होकर नेट इन्कम ही होगी। ऐसी स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए कि केन्द्र सरकार तो कृषि के बारे में एक्जेम्प्ट कर दे और राज्य सरकार लगाए नहीं, इससे उन लोगों को बाद में

(श्री वृद्धिचन्द जैन)

फायदा हो जाएगा जिससे वे अनुचित लाभ उठा लेंगे। मैं यह जानना चाहता हूं कि कौन से इस प्रकार के प्रान्त है, जिन्होंने यह इच्छा जाहिर की है कि वे अलग से इस तरह का टैक्स लगाना चाहते है। जिस प्रकार इलैक्ट्रीसिटी के बारे में तय कर दिया है कि यह राज्य सरकारों का विषय है उसी प्रकार इस मामले में भी यह कहा जा सकता है कि राज्य सरकार तय करेगी। कहीं ऐसा न हो कि हम वहां के विकास से वंचित रह जाए। जब लोक सभा ने एक बात को मंजूर कर दिया है तो ऐसे कौन से प्रान्त हैं, जिन्होंने इस प्रकार की इच्छा जाहिर की है। इस देश के अन्दर हमें, समाजवाद लाने के लिए पूरी कोशिश करनी है। इस सम्बन्ध में हम अभी तक भी सफल नहीं हुए हैं। हमने राष्ट्रीय आय बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा है। लेकिन मैं यह चाहता हूं कि गरीब आदमी की फाइनेशियल पोजीशन ठीक होनी चाहिए। ऐसा न हो कि सिर्फ पूंजीपतियों को फायदा हो हमारी प्रधान मन्त्री का जो बीस सूत्री कार्यक्रम है, उस उद्देश्य की भी पूर्ति नहीं हो पा रही है। माडल कानून बनाकर स्टेट के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसे कानून होने चाहिए जिससे वास्तव में समाजवाद के लक्ष्यों की पूर्ति हो। भूमि सुधार के बारे में बहुत से राज्यों ने कदम नहीं उठाये हैं। जिन्होंने उठाये भी हैं तो अच्छी तरह से इम्प्लीमेंट नही हुए हैं। व्यास जी की इस बात का मैं समर्थन करता हूं कि बहुत से लोग बेनामी ट्रांजेक्शन करके अभी तक उस भूमि का उपयोग कर रहे हैं। पंजाब में इस प्रकार के बहुत से बड़े-बड़े लैण्ड-लार्डस है जो इस तरह से भूमि का उपयोग कर रहे हैं। आजकल के जमाने में जबकि हम समाजवाद की ओर बढ़ रहे हैं तो कुछ आदमियों के हाथ में जमीन हो, यह भी उचित नहीं है। इसलिए इस बारे में उचित निर्णय लेना चाहिए कि जिनके पास जमीन नहीं है, उन्हें जमीन दें इसलिए हमें इस प्रकार के क्रान्तिकारी कदम उठाने होंगे, प्रगतिशील कदम उठाने होंगे, समाजवाद की ओर बढ़ना पड़ेगा और इस दिशा में वास्तविक कदम उठाने होंगे, तब जाकर हम समाजवाद की प्राप्ति सच्चे मानों में कर सकेंगे।

इस सम्बन्ध में आपने जो कदम उठाया है, मैं समझता हूं जिन लोगों को इस प्रकार की एस्टेट ड्यूटी देनी पड़ रही थी, वे अभी भी इसका लाभ उठा लेंगे और उनको किसी भी प्रकार की एस्टेट ड्यूटी नहीं देनी पड़ेगी। स्टेट गवर्नमेंट कब कदम उठायेगी, वह अलग सवाल है। क्योंकि स्टेट गवर्नमेंट के सामने भी कई बड़ी समस्याएं आयेगी। खुद हमारी पार्टी में भी कुछ इसका विरोध करेंगे कि इस प्रकार के कदम नहीं उठाने चाहिए क्यों कि वह हमारे हित में नहीं हैं। ऐसी पोजीशन पैदा हुई है और मैंने देखा है। इस प्रकार के प्रगतिशील कदम जब भी उठाये गए हैं, यदि उससे कोई वर्ग विशेष प्रभावित होता है, कोई पूंजीपति प्रभावित होता है कोई पूंजीपति किसान प्रभावित होता है तो उनका संगठन इतना प्रभावी और मजबूत होता है कि वह सरकार को कानून पास करने नहीं देता।

जिस तरह का कानून आज आप पास करवाने के लिए इस सदन के सामने लाये हैं, मेरी समझ में नहीं आता कि आप क्यों ऐसा परिवर्तन चाहते है और उसकी क्या आवश्यकता है। इस परिवर्तन के लिए आप के पास किस राज्य की ओर से मांग आई है। मैं चाहता हूं कि आप इस सम्बन्ध में तमाम जानकारी दें।

इस देश में जिस तरह की स्थिति विद्यमान है, उसमें ब्लैकमनी बहुत बढ़ रही है और भारी यात्रा में टैक्स का इवेजन हो रहा है। मेरे कुछ मित्रों ने इस बात को यहां पहले ही कहा है। मैं चाहता हूं कि टैक्स इवेजन के सम्बन्ध में भी हमें कड़े और सख्त कदम उठाने चाहिए। आज तक हम वैसा नहीं कर पाये हैं। यदि हमने कहीं पर छापे भी मारे हैं तो हमें लगभग 10 प्रतिशत ही सफलता हाथ लगी और 90 प्रतिशत मामलों में हम सक्सेसफुल नहीं हुए हैं और उन मामलों में हमें उन की प्रोपर्टी को वापस करना पड़ा है। इसका कारण यही है कि हमने समय पर सख्त कदम नहीं उठाये और इस कारण उनकी सम्पति जब्त नहीं की जा सकी, उनकी कन्विक्शन नहीं हुई। इस सम्बन्ध में भी ठोस कदम कदम उठाये जाने की आवश्यकता है ताकि उनकी सम्पति जब्त की जा सके, उनको सबक मिले, उनको पता चल सके कि टैक्स इवेजन या कर चोरी राष्ट्र के प्रति द्रोह है। सरकार को इस सम्बन्ध में सख्ती के साथ पेश आना चाहिए। तभी हम समाजवाद की दिशा में सच्चे मानों में आगे बढ़ेंगे।

SHRI BHOGENDRA JHA (Madhubani) : The present Bill, The Estate Duty (Amendment) Bill, 1984, is another proof of the reversal of the policies of the Government in favour of rural exploiters. If it is adopted, it will totally exempt the rural exploiters who own land—on the basis of ownership of land but not on the basis of production. Many of them are absentee landlords, They resort to social oppression and economic exploitation in the rural Sector exploiting the rural poor and perpetrating social atrocities on them. Many times this House discussed about it the atrocities against Harijans and other landless people. It is this class which is going to be exempted through this Bill.

This is not a Bill about any duty on agricullural income but on the ownership of land. So when some friends argue about tha agricultural sector, it is not any incentive to agricultural production, but to ownership which may be without production and who invest money in land, black money in land not for the sake of production because land is a means or production but because of the form of security for the future but producing nothing. So it is a retrograde thing.

In the States excepting Kerala, all other States named here in this Bill land ceilings measures have not been implemented.

They are not implemented fully. This is what I want to say. West Bengal and Tripura have not yet proposed. That is why they are exempted. In Bihar, in 1982, Bihar Land Reforms (Amendment) Bill 1982 which sought to exempt the Tatas from the operation of the Zamindari Abolition Act restored the intermediate rights of the Tatas in and around Jamshedpur with petro espective effect since 1950. That retrograde Bill has been assented to by the President and it has been implemented. It is a shame. So, Sir, the wheel of the history has been turned back. The Landreforms Bill of West Bengal which

(Shri Bhogendra Jha)

seems to plug some of the loopholes in the existing Land Ceilings Act in a progressive direction has been sent to the President for the assent. His assent was not given to it. Same is the case with regard to the Tamilnadu Land Ceilings Amendment Bill. I can simply give you examples as to how the Government's policies are directed towards helping the exploiters to the detriment of the interest of the country and the common people.

With regard to duties and taxes, the main emphasis is on getting the revenue through the indirect taxes. Because it is coming from the common people, a part of that money is given to the welfare of the industrial sector as also the rural rich. The policy here is like this. Take the money from the common man through indirect taxes and give a part of it to the exploiters. They may be the industrialists, the monopolists as also the rich peasants, the rural rich. There is no sense in talking about socialism. Of course, our Constitutional goal is this That is our aim. I have no grouse with this Government's following the capitalist policy. This is a capitalist Government and this is the Government of that class. But, here, this Bill is not touching that class. By this bill, the land of the absentee class, even if it is owned by the rich peasants is being helped. This Bill goes against our accepted national policy ; it goes against our constitutional goal. Four per cent of the rural rich who own more than thirty per cent of the land are going to to gain at the cost of the society and the country.

Arguments have been advanced that collection is needed to the extent of Rs. 21 crores. The argument is made that since the wealth tax collection is meagre, that Act should also be abolished. There may be arguments that since the Anti-Corruption Act is not being implemented fully, that should also go.

In regard to Anti-Usury Act, there is not a single village or town where this Act has not been violated. Someone may say that this act should also go. Crimes take place. If you take those people in our society you may argue that should also be legalised. I pinpoint that not only in Parliament but in the country as a whole then the exploiting policy of the Government is only helping the exploiters, that is being supported wholesale. The Opposition represents the exploited class. We are in the Opposition. We want to overthrow the Government. But, the ruling party people want to retain the power.

When the issue comes to the exploiting class, they do combine.

And that way a very interesting speech was made by my friend, Shri Satish Agarwal when he naturally remembered the upper class forgetting the role of the Opposition. So, the exploiters are combined whether they belong to the ruling party or the Opposition and that is an eye-opener for the country as well.

In the same sense I do say that the Bill provides :

> "Notwithstanding anything contained in Section V, this Act shall seek to apply to the levy of Estate Duty in respect of agricultural land."

If there are loopholes they need to be plugged. If there is partial implementation there should be full implementation. If there is loseness there should be strictness. That should be the demand of the House and not that the Act itself should be abolished.

That is why I say this Bill is retrograde. This must be opposed in the interest of the country and without taking much of your time I do oppose this Bill and seek support of my friends here in this House that in the name of our national policy and Constitutional goal and in the interest of the people

of the country this Bill should be opposed tooth and nail.

प्रो. सत्य देव सिंह (छपरा) : माननीय सभापति जी, सम्पदा शुल्क अधिनियम 1953 में संशोधन के लिए सम्पदा शुल्क (संशोधन) विधेयक, 1984 का मैं हार्दिक स्वागत और समर्थन करता हूं।

सन् 1953 से आज स्थिति बिल्कुल भिन्न है। जमींदारी उन्मूलन, हदबन्दी कानून, भूमि-सुधार जैसी प्रगतिशील नियमावली के चलते भूमि की सीमा में आज बहुत कमी हुई है और भूमिपति भी कम हुए हैं। उत्पादन व्यय आज बहुत अधिक है और लाभकारी मूल्य नहीं मिल पाता है। बाढ़, सूखा के साथ ही खाद, बीज और सिंचाई मंहगी होने के कारण खाद्यान्नों के उत्पादन में भारी कठिनाई होती है और उत्पादन बहुत मंहगा पड़ता है। इसलिये भारत को खाद्यान्न के मामले में हरित क्रांति के बाद स्वावलम्बी बनने का सौभाग्य मिला है। इससे हम अपने राष्ट्र को स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रख सके हैं।

छोटे-छोटे किसान को परिवार के भरण-पोषण के लिए ही खाद्यान्न पर्याप्त न हो, फिर जब तक अपने उपभोग से अधिक खाद्यान्न उत्पादन वालों को इस अलाभकारी कृषि कार्य में सरकार प्रोत्साहन नहीं देगी तो खाद्यान्न का उत्पादन गिरेगा और ऐसी दशा में भयंकर स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। कृषि उत्पादन अलाभकारी होने के कारण किसान कृषि कार्य छोड़कर अन्य कामों की ओर चले जायेंगे जिससे खाद्यान्न उत्पादन में ह्रास होगा और तब हमें खाद्यान्न विदेशों से मंगाना पड़ेगा। इससे हमारे पैसे बाहर जायेंगे और इसका हमारी आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ेगा। खाद्यान्न पर खर्च के लिये पैसा बाहर जाने से राष्ट्र के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिये सरकार को इसे प्रोत्साहन देना आवश्यक है।

हमारे मित्र प्रो. अजित कुमार मेहता ने कहा कि गया में गोली चली और अभी महन्त के पास जमीन है। मैं मानता हूँ कि अधिक जमीन महन्त के पास नहीं रहनी चाहिए लेकिन उसके लिये हिंसा की नीति पर उतारू होने का मैं विरोध करता हूं। इस काम के लिये सरकार है, जो शान्तिपूर्ण ढंग से उचित कार्यवाही कर के मामले को निपटा सकती है।

मैं समझता हूं कि जिन पूंजीपतियों के पास काफी पैसा हैं, जो आयकर और वाणिज्यकर की चोरी करते हैं, उनका पैसा लिया जाए। भारत सरकार और राज्य सरकारों में बहुत से अधिकारी भ्रष्ट हैं, जो पूंजीपतियों से मिलकर सही मानों में आयकर और दूसरे कर नहीं वसूलते। राज्य सरकारों के वाणिज्यकर या बिक्रीकर अधिकारी भी करवंचना या करों की चोरी में हिस्सा लेते हैं। अगर सरकार और सरकारी अधिकारी निष्ठावान हो जाएं और ईमानदारी से काम करें, तो पूंजीपतियों से काफी पैसा लिया जा सकता है। आज किसानों की हालत बदतर है, इसलिए मैं इस विधेयक का हार्दिक समर्थन और स्वागत करता हूं।

SHRI MAGANBHAI BAROT (Ahmedabad) : Mr. Chairman, Sir, on this Bill though it is simply an amendment, we have to look at the law, its functioning, its working from 1953 till today. If I may point out, with all its efforts to collect revenue under this law and to pass on the same to the States, as my friend Mr. Satish Agarwal

(Shri Maganbhat Barot)

gave the figures, it is hardly a few crores of rupees coming to the Centre and a few lakhs of rupees going to the States. But who pays for it ? How is it collected ? What are we giving in the name of exemptions to the people ? I would like that part of the story to be more understood by the hon. Members and the authorities concerned. Those who suffer the maximum under the law are the middle class poor. It is rightly said by someone in this connection about this Act that blessed are the poor, blessed are the rich, but cursed are these who are not so poor and not so rich. To say the least, it is a death penalty.

Some of the hon. members in the Treasury Benches referred to them as assessees. They are not assessees under the Estate Duty because man dies only once. But on this day his family members require to pay this duty. Now, what happens to the people belonging to middle class ? Take the example of the provident fund, take the example of graduity, even that is not allowed to be recovered by the members of the family till he or she obtains a certificate of having paid the estate duty.

16.57 hours

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

There are instances and in fact, in the law it provides that for the purpose of paying certain taxes, you can sell your property. This has resulted into a widow succeeding her husband's property required to sell the house in which she was supposed to live during her life-time. It is a great hardship even in the case of other things such as jewellary etc. This Act so harshly acts that all the moveables are to be calculated for the purposes of Estate Duty. The jewellary in a locker is not allowed to be opened unless there is a permission either from the parties or from the court. Obtaining a succession certificate is a most arduous task. Everyone here understands how a succession certificate is obtained, at what costs, what are the harassments, what torture one has to undergo, especially by a woman of our country. I would therefore request the hon. Minister to look at the Section 33(i) (6) which gives the exemption. I will quote here one of the items from this Section.

I quote Section 33(1) (c). It says :

> "Household goods, including tools of artisans, agricultural implements or any other tools as were necessary to the deceased to enable him to earn his livelihood, to the extent of rupees two thousands and five hundred in value."

Is it our concept of a socialist society, that a man will not have more than Rs. 2500 worth of things in his house, i.e. as the total value of his belongings ; and that if he does, those things should be taxed ? And it is the middle class which has to pay the maximum. The rich do not pay. Fortunately, this is a law where the poor need not pay : but this is a law where the rich evade paying.

17 hrs.

Let the hon. Minister say this ; during the last 30 years since when it is in existence, out of the big houses, out of the so many big industrialists, big names, big income-tax payers and big wealth tax payers, how many have paid it, and paid it accurately and properly according to their wealth ? They have not. These amounts are all being collected from widows, middle class people and pensioners, though pension itself is exempted.

This very section 33 (1) (c) says that our definitions about these things are out-dated. Are we not, on the one hand, encouraging people to go in for TV, and on the other say that a man having a TV should pay estate duty ? What is our concept of distribution of

wealth? What is our idea behind not permitting concentration of wealth? Why should you generalize land, and exempt it irrespective of its size?

I would request the Minister to look at the Statement of Objects and Reasons. I have never come across so vague a Statement. It opens thus:

> "This Bill seeks to amend the Estate Duty Act, 1953 mainly with a view to excluding agricultural lands from the levy of estate duty."

"With a view to excluding agricultural lands" means what? How many acres of land? Whether it is one acre, two acres or 200 acres of land, it is a possession. Are we deciding everything with the same yardstick, and saying that we are doing something good for the society?

Mr. Daga, like a school master, asked us to reply whether we were for socialism or not for it; and the equated this to asking whether we were for, or against estate duty.

If it leads to an egalitarian society, if it really results in equal distribution of wealth, this measure is welcome; but if it does not, it is certainly time to reconsider the entire law. To say so does not mean that anyone who opposes the present law or its working to-day, is necessarily opposed to the idea of concentration of wealth being taxed.

The question is whether you have reached the goal or succeeded in implementing the law. It is very strange that under this law, you permit it if a man holds an insurance policy with a view to pay his estate duty as and when he dies, i.e. any amount is permissible. But if the same man, for his own safety or for his protection for the rest of his life puts his money in policies, there is a limit of Rs. 5,000. How do you draw a comparison between the two? You are only protecting your right to recover the revenues. But you are not protecting the citizens from harassment.

As a person having some experience of how this law is being implemented, I would say that most of the people who suffer are middle class people; and those have largely and successfully escaped it are the rich people. Should we not consider this aspect? Should we exempt thousand of acres of land-tea gardens and coffee estates—simply by providing that agricultural land is exempted and then saying that well this a policy where agriculturists are encouraged. Which agriculturists? Therefore, I submit that this particular amenment is an opportunity to look at the law. It is difficult to oppose this as a law because the noble and laudable cause that is assigned to it that we are distributing this money to the States. Which States? How much? Here again there is a discrimination, It is only those States where big cities like Bombay, Calcutta and Madras are situate. Well, something might be coming. But think of the smaller States, think of the hill States, think of the States where there are not such big property cities; there are not people who are likely to be or notionally to be taxed under this law, What do they get out of it? If Rs. 11 crores is to be distributed among 20 States of India and the ratio being what you collect you reserve for you, I am sure, it does not give much to the States, So, it is not simply because the States get from it, it does not justify its existence.

What is required is a thorough re-examination of this subject as a whole. On the one hand, they are asking the people to own houses, go to cooperative societies, but, at the same time, they make a provision that one's building or a house in a cooperative society again falls into the category of owing an estate which is again taxable under the estate duty. What are you aiming at? Is it the definition of

socialism that everyone should remain throughout his life in the slum or you want to improve his lot? If you want to improve his lot, you have to be practical. We have to consider it and we have to see that every time it should not frighten us to say that a bad law should be dealt with.

The hon. member, Shri Daga has put us a challenge saying that don't say anything against this law, unless you have raised sometimes an issue that somebody evaded the revenue payment, etc. For that, I am answering. It has come from a very responsible member of a ruling party. I, for one, wrote to this government, as a member of this House, two years before that in my city in income tax raid Rs. 80 lakhs were found in a raid under *benami* name. Ordinary courtesy of replying to a member of the House was not shown because I named the person. Rs. 50 lakhs are of a member of their party who is a minister in my State. Let them say that they are not raising the issue. Are they not supposed to encourage us? Are they not supposed to answer us? Are they supposed to give us curt reply to that? Say that it is not so. So, it is better that the hon. members on that side, before they throw mud against us, know from us that when we raise questions, they are not answered; and that is why we have been made to say it in this House today.

**श्री पी. नामग्याल (लद्दाख)** : उपाध्यक्ष महोदय, आज सदन में एस्टेट ड्यूटी बिल पर बहस चल रही है, इस पर मैं कुछ अपने ख्यालात आपके सामने रखना चाहता हूं। इस सिलसिले में मेरी कुछ अपनी Reservations हैं। वे यूं है देश में एग्रीकल्चरल लैंड की होल्डिंस वाले बहुत हैं। अगर सारे देश में एग्रेरियन रिफार्म एक्ट को सख्ती से लागू किया जाए, सीलिंग मुकर्रिर की जाए, तो अच्छी बात है। देश में बहुत सारे जमींदार ऐसे हैं, जिनके पास काफी होल्डिंग्स हैं। अगर यह Agrarian Act सख्ती से लागू हो जाय, तब तो एस्टेट ड्यूटी हटाई जाय और यह ठीक भी होगा, वरना बहुत सारे ऐसे जमींदार हैं जिन के पास हजारों एकड़ जमीन है और वे लाखों रुपया कमा रहे हैं। अभी भी कुछ लीगल लैकयूना की बिना पर हमारे जो एग्रोरियन एक्ट्स हैं उनको लागू नहीं होने दिया जा रहा है, ऐसे लोगों के ऊपर एस्टेट ड्यूटी माफ करना मैं जायज नहीं समझता हूं।

दूसरी बात मैं यह अर्ज करना चाहता हूं-हमारी जो 20 नुक्राती प्रोग्राम है या गवर्नमेंट आफ इण्डिया की बहुत सी ऐसी स्कीमें हैं जिन में इन्सेन्टिव दिया जाता है, जैसे फर्टिलाइजर है जो सब्सिडाइज्ड रेट पर दिया जाता है-इन सब चीजों का फायदा बड़े-बड़े जमींदार उठाते हैं। जिन के लिये इन स्कीमों को जारी किया है, जो छोटी होल्डिंग्ज वाले हैं उन को इस का बेनिफिट नहीं मिलता है इस लिये अगर फिलहाल किसी वजह से एग्रेरियन एक्ट्स को या कोर्ट के डायरेक्टिव के तहत वक्ती तौर पर लागू नहीं कर सकते हैं तो मेरा सुझाव है कि आप कोई लिमिट मुकर्रिर कर दें कि 20-25 या 30 एकड़ वाले जो लोग हैं उन पर एस्टेट ड्यूटी नहीं लगे, लेकिन बड़ी होल्डिंग्स वाले लोग है उन पर लगे।

मेरे ख्याल में मिनिस्टर साहब को इस बिल के बारे में फिर से री-थिंकिंग करनी चाहिए, एक काम्प्रीहेन्सिव बिल यहां पर लाने की जरूरत है। अब जहां तक टैक्स कलेक्शन का सवाल है-आप जानते हैं, रोज आप के रेड्स होते हैं और खबर आती है कि इतनी ब्लैक-मनी अन-अर्द हुई, लेकिन

बाद में उन केसेज का क्या होता है कुछ पता नहीं चलता। पिछले दिनों जम्मू-काश्मीर में आप ने रेड्स करवाये थे और कहा गया कि कम से कम 5 करोड़ का ब्लैक मनी पकड़ा गया, लेकिन बाद में उस केस का क्या हुआ, कुछ पता नहीं चला। जहां तक रेड करवाने की जरूरत का सवाल है, आप जम्मू-काश्मीर में रेड्स करवाइये, वहां मैक्सिमम ब्लैक-मनी है

MR. DEPUTY SPEAKER : Maximum black money is there with yo knowledge ?

SHRI P. NAMGYAL : That I been brought to the notic of Minister.

MR. DEPUTY SPEAKER : You give the names to the Ministers.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South) : This is your responsibility now.

SHRI P. NAMGYAL : It is their responsibilty.

मैं अर्ज करना चाहता हू कि आप के जो अहलकार है उनका ज्यादा इख्तियारात दे कर ज्यादा से ज्यादा रेड्स करवाकर ब्लैक-मनी को अन-अर्द करवायें। लेकिन साथ ही मैं यह भी जानना चाहता हूं कि हमारे जम्मू-काश्मीर में जो पहले रेड्स हुए उन का क्या हश्र हुआ।

इन चन्द अलफाज के साथ मैं अर्ज करूंगा कि इस बिल के बारे में थोड़ी सी री-थिंकिंग की जरूरत है। यह बिल तो हमें पास करना ही है, लेकिन अगर कोई और अमेण्डमेन्ट लाने की जरूरत है, तो उसे जल्दी लाना चाहिये।

شری پی. نامگیال (لداخ):

اپادھیکش مہودے، آج سدن میں اسٹیٹ ڈیوٹی بل پر بحث چل رہی ہے اس پر میں کچھ اپنے خیالات آپ کے سامنے رکھنا چاہتا ہوں، اس سلسلہ میں میری کچھ Reservations ہیں، وہ یوں ہیں دیش میں ایگری کلچرل لینڈ کی ہولڈنگ والے بہت ہیں۔ اگر سارے دیش میں ایگریرین ریفارم ایکٹ کو سختی سے لاگو کیا جائے۔ سیلنگ مقرر کی جائے تو اچھی بات ہے۔ دیش میں بہت سارے زمیندار ایسے ہیں جن کے پاس کافی ہولڈنگس ہیں۔ اگر یہ Agrarian Act سختی سے لاگو کیا جائے تب تو اسٹیٹ ڈیوٹی ہٹائی جائے اور یہ ٹھیک بھی ہوگا۔ ورنہ بہت سارے ایسے زمیندار ہیں جن کے پاس ہزاروں ایکڑ زمین ہے اور وہ لاکھوں روپیہ کما رہے ہیں، ابھی بھی کچھ لیگل لیکھونیا کی بنا پر ہمارے جو ایگریرین ایکٹس ہیں۔ ان کو لاگو نہیں ہونے دیا جا رہا ہے۔ ایسے لوگوں کے اوپر اسٹیٹ ڈیوٹی کو معاف کرنا میں جائز نہیں سمجھتا ہوں۔

دوسری بات میں یہ عرض کرنا چاہتا ہوں ہماری جو بیس نکاتی پروگرام یا گورنمنٹ آف انڈیا کی بہت سی ایسی سکیمیں ہیں جن میں انسینٹیو دیا جاتا ہے جیسے فرٹیلائزر ہے تو سبسیڈائزڈ ریٹ پر دیا جاتا ہے ان سب چیزوں کا فائدہ بڑے بڑے زمیندار اٹھاتے ہیں۔ جن کے لئے ان اسکیموں کو جاری کیا گیا ہے۔ جو چھوٹی ہولڈنگس والے ہیں ان کو اس کا بینیفٹ نہیں ملتا ہے۔ اس لئے اگر فی الحال کسی وجہ سے ایگریرین ایکٹس کو یا کورٹ کے ڈائریکٹوریٹ کے تحت وقتی طور پر لاگو نہیں

کر سکتے ہیں تو میرا سجھاؤ ہے کہ آپ کوئی لمٹ مقرر کریں کہ ۲۰- ۲۵ یا ۳۰ ایکڑ والے جو لوگ ہیں اُن پر اسٹیٹ ڈیوٹی نہیں لگے۔ لیکن بڑی ہولڈنگ والے لوگ ہیں ان پر لگے۔

میرے خیال میں منسٹر صاحب کو اس بل کے بارے میں پھر سے ری تھینکنگ کرنی چاہیئے ایک کمپری ہینسیو بل یہاں پر لانے کی ضرورت ہے۔ اب جہاں تک ٹیکس کلیکشن کا سوال ہے آپ جانتے ہیں، روز آپ کے ریڈس ہوتے ہیں اور خبر آتی ہے کہ اتنی بلیک منی ان ارتھ ہوئی۔ لیکن بعد میں ان کیسز کا کیا ہوتا ہے کچھ پتہ نہیں چلتا۔ پچھلے دنوں جموں کشمیر میں آپ نے ریڈس کروائے تھے اور کہا گیا کہ کم سے کم پانچ کروڑ کا بلیک منی پکڑا گیا۔ لیکن بعد میں اس کیس کا کیا ہوا پتہ نہیں چلا۔ جہاں تک ریڈ کروانے کی ضرورت کا سوال ہے، آپ جموں کشمیر میں ریڈس کروائیے وہاں میکسیمم بلیک منی ہے

MR. DEPUTY SPEAKER : Maximum black money is there with your knowledge ?

SHRI P. NAMGYAL : That has been brough to the notice of the Minister..

MR. DEPUTY SPEAKER : You give the names to the Minister.

SHRI SATYASDHAN CHAKRABORTY : This is your responsibility now.

SHRI P. NAMGYAL : It is their responsibility.

میں عرض کرنا چاہتا ہوں کہ آپ کے جو اہلکار ہیں اُن کو زیادہ اختیارات دے کر ریڈس کروا کر بلیک منی کو ان ارتھ کروائیں، لیکن ساتھ ہی میں یہ بھی جاننا چاہوں گا کہ ہمارے جموں کشمیر میں جو پہلے ریڈس ہوئے ان کا کیا حشر ہوا

ان چند الفاظ کے ساتھ میں عرض کروں گا کہ اس بل کے بارے میں تھوڑی سی ری تھنکنگ کی ضرورت ہے۔ یہ بل تو ہمیں پاس کرنا ہی ہے لیکن اگر کوئی اور امینڈمینٹ لانے کی ضرورت ہے تو اُسے جلدی لانا چاہیئے۔

श्री राम लाल राही (मिसरिख) : उपाध्यक्ष महोदय, यहां पर सम्पदा शुल्क (संशोधन) विधेयक, 1984 पर बहस हो रही है। यह सन् 1984 का संशोधन विधेयक और इस से पूर्व एक संशोधन विधेयक सन् 1982 में भी लाया गया था। सन् 1982 में जो संशोधन विधेयक लाया गया था, उस में कर निर्धारण की सीमा को बढ़ाकर अधिक कर दिया गया था और यह बिल जो लाया है, उस में मुख्य रूप से एक ही बात स्पष्ट की गई है और वह यह है कि जो कृषि भू-स्वामी है, उन को इस कर से मुक्त रखा जाए।

श्रीमन्, बड़े खेद के साथ मुझे यह कहना पड़ रहा है कि इस देश की जनता करों के बोझ से लदती चली जा रही है। अगर गिनाया जाए कि सारे के सारे कितने कर लगाए गये, तो उन का नाम लेना बड़ा मुश्किल हो जाएगा और वह एक किताब बन जाएगी। मैं दो-चार का नाम ले रहा हूं। हमारे वित्त मंत्री बैठे हुए हैं, मैं उन से यह कहना चाहूंगा कि जब वे जवाब दें तो यह बतलाएं कि जो कि उन की सीमा के अन्तर्गत आते हैं, उन करों की वसूलयाबी

की स्थिति क्या है, कितने पर सेन्ट कौन सा कर उन को मिल पाया है। मैं एक कर का नाम लूंगा कि वास्तव में यह कर लगाया लेकिन उस का एक नया पैसा किसी राज्य में वसूल नहीं हुआ और अगर नहीं हुआ, तो मंत्री जी यह बतलाएं कि उसकी वसूलयाबी और खर्च को कैसे दिखाया गया। मैं कुछ करों का नाम गिना रहा हूँ, सम्पत्ति कर, सम्पदा कर, वृत्ति कर, ग्राम कर बिक्री कर, उत्पादन कर, गृह कर, मृत्य कर, जल कर, हैसियत कर और नामालूम कितने और कर हैं। अगर उन को गिनते चले जाएं, तो कम से कम 50, 51 से कम नहीं होंगे। इतने कर इस देश की जनता पर थोपे गये हैं। अगर इन से पूछा जाए कि इन करों की क्या वसूल याबी की क्या स्थिति है, तो कुछ में ये कहेंगे कि 30 परसेन्ट है, किसी में 40 पर सेन्ट है और किसी में 10 पर सेन्ट है और मैं गारेन्टी के साथ कहना चाहता हूं कि कुछ कर ऐसे भी हैं, जिन में ये जीरो पर सेन्ट ही वसूल कर पाए हैं। मिसाल के तौर पर मैं बताना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश में एक कर लगा है पंचायत कर और उस पंचायत कर का उत्तर प्रदेश में एक नया पैसा भी आज तक नहीं वसूला गया। होता क्या है कि इन के यहाँ कागजों में टोटल वसूलयाबी दिखा दी जाती है और टोटल खर्चा दिखा दिया जाता है। यह जालसाजी का काम उत्तर प्रदेश की सरकार का वित्त विभाग करता है और संभवत: इस की रिपोर्ट इन के पास भी आती होगी। इतना करों का बोझ आप लादते जा रहे हैं और कर देता कौन है और करों की भोगी कौन करता है। आजादी से पहले संभवत: जहां तक मुझे ज्ञान है, सन् 1947 से पहले शायद दो करोड़पति इस देश में थे। एक का नाम था टाटा और दूसरे का नाम था बिरला और इनकी पूंजी लगभग 25-30 करोड़ रुपये के इर्दगिर्द रही होगी। अभी पिछले महीने मैं एक अखबार पढ़ रहा था, जो लखनऊ से निकलता है। पूरे आंकड़े उस में दिये थे और उसमें लगभग 105 परिवारों के नाम दिये थे, जिन की हैसियत करोड़ों रुपयों से ऊपर पहुंच गई है। अब उन में इन दोनों की हैसियत क्या हैं। कहा जाता है कि जो लिखा-पढ़ी के आंकड़े हैं, जो कागजों में दर्ज हैं, उन के अनुसार बिरला की सम्पत्ति दो हजार सौ करोड़ रुपये हैं इनका नारा क्या है ? उधर से जितने भाषण हुए उन में कहा गया कि जिन के पास ज्यादा पैसा है, उन पर कर लगाए जाएं और उन का जो पैसा बढ़ रहा है उस पर रोक लगाई जाए और समाज के निचले वर्ग के लोगों को ऊपर उठाया जाए, समाज वाद आवे और आर्थिक विषमता दूर हो। हम टेक्स लगावें लेकिन उन पर लगावें जो लोग ज्यादा पैदा करते जा रहे हैं। ये टेक्स किसलिए लगाये जाते हैं ? इसलिए लगाये जाते हैं कि लोगों में समानता बढ़े।

उपाध्यक्ष महोदय, वित्त राज्य मंत्री जी यह बताएं कि उन्होंने जो 35 सालों में टेक्स लगाए, उनका क्या परिणाम निकला। यह परिणाम निकला कि गरीब गरीब रहा, एक लंगोटी वाला ही रहा लेकिन बिरला जिसकी कि आजादी के समय 20-25 करोड़ की हैसियत थी, उसकी हैसियत अब दो हजार करोड़ की हो गई और टाटा की हैसियत दो हजार चार सौ करोड़ रुपये की हो गई। इस देश में कम से कम 132 व्यक्ति ऐसे हैं जिनके सैंकड़ों रुपयों की सम्पत्ति है। क्या आपके टेक्स लगाने का यही परिणाम होना चाहिए था ?

(श्री रामलाल राही)

श्रीमन् जो बड़े-बड़े उद्योगपति है, जो बड़े व्यापारी हैं, जो काला धन कमाते हैं, उस काले धन को पकड़ने का आपने कानून बनाया था लेकिन आप उसको पकड़ने में फेल हो गये, इसी काले धन से वे आजकल छोटे-छोटे किसानों की जमीनें खरीद कर बड़े-बड़े फार्म बना रहे है। अभी हमारे शास्त्री जी बता रहे थे कि बिहार राज्य के एक मंत्री हैं जिनके पास 18 हजार एकड़ जमीन है। श्रीमन् हमारे उत्तर प्रदेश में भी ऐसे बड़े-बड़े भूमिपति है। आपके सीलिंग कानून का यह परिणाम है।

एक जमाने में श्री बहुगुणा जी उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री थे। उन्होंने भूखोरों से जमीन निकालने के लिए और उनके खिलाफ कार्यवाही करने के लिए एक कमेटी बनाई थी। इस पर भूखोरों ने साजिश की जिससे दिल्ली का सिंहासन हिल गया और बहुगुणा जी को कुर्सी से हटना पड़ा।

मेरा साफ कहना है कि आप कानून बनाएं, लेकिन अपनी नीयत भी साफ रखें। हम इस हाउस से बहुत से कानून पास करते हैं मगर उन पर जैसा अमल होना चाहिए वैसा नहीं होता। मैं वित्त मंत्री महोदय से ले कर, इस कोने से उस कोने के सभी लोगों से यह कहता हूं कि जो भी आप नीति बनाइये वह बनाइये लेकिन अपनी नीयत भी साफ बनाइये। आप नीति बनाते हैं, वह नीति अच्छी भी लगती है क्योंकि इस देश के 70 फीसदी लोग अनपढ़ हैं। वे यह समझते है कि ये शब्द भगवान के शब्द है और इनसे अब हमारा उद्धार होगा लेकिन वे शब्द सबके लिए जहर बन जाते हैं, वही शब्द उनके लिए विनाशकारी हो जाते हैं। इसी विनाश की वजह से गरीबी की रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है और अमीरी का जीवन-यापन करने वालों के पास पैसा बढ़ता जा रहा है। आप उनकी आय बढ़ने पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं।

